deprived of Air Travel facility last summer vacation to visit mainland;

(b) whether it is also a fact that on earlier occasions Central Government employees of Port Blair were allowed Air travel facility;

(c) whether Government have received representations from Kendriya Vidyalaya Teachers Association, Port Blair for reimbursement of air fare incurred by the teachers in the last summer for their travel to mainland; and

(d) if so, whether Government propose to consider their request sympathetically, if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) to (d) A representation for reimbursement of air travel expenses incurred by the employees of Kendriya Vidyalaya, Port Blair, during the last summer vacation has been received in the Kendriya Vidyalaya Sangathan which is under examination.

**पाठ्यपुस्तकों के लिए मध्य प्रदेश को कागज का आवंटन**

3420. **श्री राघवजी :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मध्य प्रदेश सरकार ने अक्तूबर, 1990 में मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम को उसकी आवश्यकता की पूर्ति के लिये रियायती दरों पर कागज का आवंटन किये जाने का अनुरोध किया है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उस पर क्या कार्यवाही की है और उस निगम की आवश्यकता के अनुरूप रियायती दर पर कागज कब तक उपलब्ध करा दिया जाएगा ; और

(ग) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है ; तो उसके क्या कारण हैं ?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) :** (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) दिनांक 31 मार्च, 1990 तक स्कूली पाठ्य पुस्तकें और अभ्यास पुस्तिकाएं तैयार करने के लिए सफेद मुद्रण कागज मुहैया करने की आर्थिक सहायता प्रदान करने की एक योजना थी । तत्पश्चात् इस योजना को समाप्त कर दिया गया था ।

**राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पुस्तकों के लेखकों को पारिश्रमिक**

3421. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के लेखकों को पारिश्रमिक देने की पद्धति क्या है ;

(ख) क्या पुस्तकों के लेखकों को रायल्टी दी जाती है ; और

(ग) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में किन-किन लेखकों को कितनी राशि की रायल्टी की गई ?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) :** (क) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् से प्राप्त सूचना के अनुसार, रा०शै०अ०प्र०प० द्वारा प्रकाशित पुस्तकों के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के कर्मचारियों के अतिरिक्त रा०शै०अ०प्र०प० की पुस्तकों के लेखकों को पारिश्रमिक/रायल्टी दी जाती है ।

(ख) जी, हां । राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ने सूचित किया है कि बाहर के लेखकों को उनके द्वारा लिखित निर्धारित पुस्तकों के प्रत्येक संस्करण/पुन: मुद्रण पर नियत की गई रायल्टी दी जाती है ।

(ग) विगत तीन वर्षों की सूचना राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।